# पाठ 2. जंगल में लगा मेला

## पाठ का उद्देश्य

प्रस्तुत पाठ का उद्देश्य बच्चों को कहानी के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता का महत्त्व बताना है। वातावरण को स्वच्छ रखना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य भी है और ज़िम्मेदारी भी, यह सीख बच्चों को दी गई है। बच्चों में स्वच्छता तथा खाने-पीने की स्वच्छ आदतें विकसित करना ही इस पाठ का मुख्य उद्देश्य है।

## पाठ का सारांश

अनमोल वन में मेले का आयोजन किया गया। जंगल के सभी जीव-जंतु और पशु-पक्षियों ने इसमें भाग लिया। भालूराम, जिराफ़देव और चुहियारानी ने मेले में एक स्वच्छता प्रतियोगिता की घोषणा की। सभी जानवर अच्छे-अच्छे कपड़े पहनकर आए और सोचने लगे कि पुरस्कार तो उन्हें ही मिलेगा। उसके बाद प्रतियोगिता शुरू हुई। सभी जानवरों को लड्डू खाने के लिए दिया गया। वहीं पेड़ पर बैठी कोयलरानी कुछ लिखती जा रही थी। बाद में प्रतियोगिता में सबको एक-एक केला खाने के लिए दिया गया। सबके खाने के बाद प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। सिंहराज ने बताया कि बंदरप्रसाद को प्रथम स्थान मिला है और गिलहरी सयानी को द्‌वितीय स्थान। सिंहराज ने बताया कि बंदर और गिलहरी को छोड़कर सभी ने केले का पूरा छिलका उतार कर केला हाथ में पकड़कर खाया और केवल उन दोनों ने ही अपने छिलके कूड़ेदान में डाले। लड्डू खाते समय गिलहरी सयानी से थोड़ा-सा लड्डू नीचे गिर गया था, लेकिन उसने उसे उठाकर कूड़ेदान में डाल दिया था। इसलिए वह दूसरे स्थान पर आई। सिंहराज ने सभी को समझाया कि अपने रहन-सहन, खान-पान के सही तरीकों को अपनाकर तथा वातावरण को स्वच्छ रखकर ही हम पूरी तरह स्वच्छ कहलाएँगे। उसके बाद जानवरों ने स्वयं को तथा जंगल को साफ़ और स्वच्छ रखने का वचन दिया।

## अध्यापन संकेत

पाठ पठन से पूर्व **पहले पहल** में दी गई गतिविधि बच्चों से करवाएँ। उनसे स्वच्छता के महत्त्व पर चर्चा करें। उनसे पूछें कि स्वच्छता के बारे में वे क्या जानते हैं? वे अपने घर की साफ़-सफ़ाई किस प्रकार करते हैं? आस-पास का वातावरण क्यों स्वच्छ रखना चाहिए? अब पाठ का वाचन करें तथा पाठ में निहित जीवन-मूल्यों को बताएँ।

बच्चों से पूछिए तथा उन्हें बताइए–

- ❖ क्या उन्होंने कभी जंगल देखा है?
- ❖ जंगल में रहने वाले पशु-पक्षियों के बारे में वे क्या जानते हैं?
- ❖ स्वच्छता का महत्त्व बताते हुए उन्हें साफ़-सफ़ाई एवं स्वच्छता के लिए प्रेरित करें।
- ❖ पाठ में आए संयुक्ताक्षरों को छाँटने के लिए कहें।
- ❖ पाठ में निहित जीवन-मूल्यों को उभारने का प्रयास करें।
- ❖ उन्हें स्वच्छ भारत अभियान के बारे में बताएँ।

डिजिटल (Digital) के माध्यम से पाठ की ई-बुक विद्‌यार्थियों को दिखाकर पाठ के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।